<u>**प्रेस विज्ञप्ति-21 जून 17**</u>

<u>**योग दिवस समारोह**</u>

भारतीय तटरक्षक संगठन के कार्मिकों को योग के लाभों से परिचित करने हेतु अपने सभी स्थापनाओं में उपयुक्त तरीके से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह का आयोजन किया। भारतीय तटरक्षक ने 21 जून 17 को अपने सभी 5 क्षेत्रीय मुख्यालयों, 14 जिला मुख्यालयों, 42 स्टेशनों तथा 7 वायु एंक्लेवों में उनके अपने-अपने स्थानों पर एक साथ योग सत्र का आयोजन किया। परिनियोजन पर तैनात पोतों पर भी उनके अफसरों एवं कार्मिकों ने योग सत्र में भाग लिया। क्षेत्रीय कमांडरों, अफसरों, कार्मिकों तथा उनके परिवारों सहित लगभग 10000 लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया। इसके अलावा, तटरक्षक मुख्यालय, नई दिल्ली तथा सेक्टर-24, नोएडा में भी योग दिवस का आयोजन किया गया। अपर महानिदेशक वीएसआर मूर्ती, पीटीएम, टीएम ने नई दिल्ली में तैनात अफसरों, कार्मिकों तथा उनके परिवारों के साथ कार्यक्रम में भाग लेकर विभिन्न योग आसनों को किया।

तटरक्षक मुख्यालय, नई दिल्ली तथा सेक्टर 24 नोएडा में योग सत्र का आयोजन 'आर्ट ऑफ लिविंग' के गुरू के पर्यवेक्षण में किया गया। सत्र के दौरान प्रतिभागियों को उनके स्वास्थ्य, कल्याण तथा जागरूकता में योग की उपयोगिता के विषय में बताया गया। इन आसनों के अलावा, साधारण प्राणायाम तथा ध्यान का भी अभ्यास कराया गया। आयुष मंत्रालय ने देश के योग संस्थानों से परामर्श करके इन माड्यूलों को तैयार किया था।

21 जून के अलावा, भारतीय तटरक्षक अपनी सभी स्थापनाओं में प्रशिक्षित अनुदेशकों के पर्यवेक्षण में नियमित रूप से योग सत्र का आयोजन करती है।

INTERNATIONAL YOGA DAY